# 'गतिशक्ति' बुनियादी ढांचे में बदलाव वाली पहल :मोदी

## पीएमजीएस-एनएमपी की तीसरी वर्षगांठ पर पहुंचे प्रधानमंत्री

**सराहना**

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है।

प्रधानमंत्री ने पीएमजीएस-एनएमपी की तीसरी वर्षगांठ पर दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया। यह केंद्र पीएमजीएस-एनएमपी की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है। इसे 13 अक्तूबर, 2021 को विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था।

पीएम गतिशक्ति आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है जो सात 'इंजनों' - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पीएमजीएस-एनएमपी ने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है। देरी कम हुई है और नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का दौरा किया। • प्रेट्र

**कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाया:** मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। इस पर गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है।